राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

दिनांक : 08.05.2018

प्रेस–विज्ञप्ति

प्राध्यापक–(स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा, 2015 के विभिन्न विषयों के प्राध्यापक पदों हेतु पात्रता जांच में अपात्र हुए अभ्यर्थियों के विरूद्ध परिणाम रिशफल किया जाना है, जिसमें माननीय सम्पूर्ण आयोग के निर्णय दिनांक 05.04.2018 के क्रम में धौलपुर/भरतपुर के जाट समुदाय के अभ्यर्थियों को अन्य पिछड़ा वर्ग में सम्मिलित किया जाना है। अतः उक्त पदों की परीक्षा में सम्मिलित हुए धौलपुर/भरतपुर के जाट समुदाय के अभ्यर्थी जो उक्त रिशफल परिणाम हेतु वर्ग परिवर्तन (सामान्य से अन्य पिछड़ा वर्ग) कराना चाहते हैं, वे अपना अभ्यावेदन मय नवीनतम अपिजा (OBC) प्रमाण पत्र दिनांक 18.05.2018 को सायं 06.00 बजे तक आयोग कार्यालय में व्यक्तिशः अथवा डाक द्वारा प्रस्तुत करें। उक्त दिनांक के पश्चात् प्राप्त अभ्यावेदनों एवं अपूर्ण (बिना नवीनतम अपिजा प्रमाण पत्र के) अभ्यावेदनों पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जावेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।

(दीप्ति शर्मा)
उप सचिव (प्रशासन)